तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, रविवार 3 मार्च 2024

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 जंगल को आग से बचाने व हाथी को दोस्त बनाने वन विभाग ने ग्रामीणों को किया जागरूक



## खबर संक्षेप

### चचिया व जिल्गा में फसल को रौंदकर धरमजयगढ़ पहुंचा दंतैल

**कोरबा।** वन मंडल कोरबा रेंज अतंर्गत गेराव जंगल में मौजूद दंतैल हाथी बीती रात कुदमुरा वनपरिक्षेत्र के चचिया व जिल्गा के रास्ते धरमजयंगढ़ का रूख कर लिया है। दंतैल ने धरमजंयगढ की सीमा में पहुंचने से पहले रास्ते में चचिया व जिल्गा गांव में पांच ग्रामीणों के खेतों में पहुंचकर धान की फसल को रौंद दिया है। जिससे किसानों को काफी नुकसान हुआ है। इसकी सूचना ग्रामीणों ने वन विभाग को सूचना दिया। जिसके बाद अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंचकर नुकसानी का आंकलन किया। जिसके बाद वन विभाग की टीम ने दंतैल को जंगल की ओर खदेड़ा तब जाकर ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

### बीएमएस ने आवास मीटिंग नहीं होने का उठाया मुद्दा

**कोरबा।** एसईसीएल गेवरा में विभागीय कामगारों के लिए आवास मुद्दा बना हुआ है। इस संबंध में प्रबंधन ने विगत 4 माह से मीटिंग नहीं बुलाई है। बीएमएस ने मीटिंग ना होने के कारणों और सुचारू रूप से आवास आबंटन की बैठक के संबंध में जानकारी प्रबंधन से मांगते हुए पत्राचार किया है। विदित हो कि गेवरा में लगभग 32 सौ आवास है, परंतु कर्मचारी 24 सौ के आसपास हैं। तब भी अभी तक आधे कर्मचारी को आवास आबंटन नहीं हुआ है। आवास नहीं होने की वज़ह से कर्मचारी किराए के मकान में रहते हैं, जिससे उन्हें आर्थिक एवं मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस सबंध में बीएमएस के हाउसिंग कमेटी के मेंबर सूर्यकान्त एवं कुलदीप ने क्षेत्रीय महाप्रबंधक के नाम से पत्र लिखकर आवास आबंटन समिती की बैठक करने की अपील की है, ताकि एसईसीएल गेवरा में काम करने वाले कर्मचारियों को जल्द से जल्द आवास मिल सके।

### अग्रवाल समाज की आमसभा 5 को

**कोरबा।** इस वर्ष अग्रवाल सभा का चुनाव होना है। इस हेतु अग्रवाल समाज की आमसभा आगामी 5 मार्च की शाम 7 बजे अग्रसेन भवन में आहूत की गई है। बैठक में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं कोषाध्यक्ष का निर्णय किया जाएगा। यदि किसी कारणवश सर्वसम्मति से गठन नहीं होता है तो चुनाव की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाएगा। यह जानकारी देते हुए अग्रवाल सभा कोरबा के सचिव शिव अग्रवाल ने समाज के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों से उक्त बैठक में उपस्थित होने की अपील की है। साथ ही यह भी कहा है कि अग्रवाल समाज की एकता व उत्कृष्टता के लिए चुनाव न करवाते हुए एक आदर्श समाज की मिसाल पेश करना चाहिए।

### 956 प्रधानमंत्री आवास के निर्माण कार्य किए गए प्रारम्भ

**कोरबा।** जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में 956 ग्रामीण हितग्राहियों के आवास निर्माण के कार्य प्रारंभ हो कर दिए गए हैं। सीईओ जिला पंचायत ने सभी अधिकारी कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि प्रधानमंत्री ग्रामीण आवासों का निर्माण कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है। मानसून आने के पूर्व सभी आवासों के निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया जाए। सीईओ संबित मिश्रा के द्वारा जिले के शेष एवं अधूरे ग्रामीण आवासों के निर्माण कार्य पूर्ण कराने के लिए अधिकारियों तथा मैदानी अमले की सतत समीक्षा की जा रही है। इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा करके आवास निर्माण कार्यों की मॉनीटरिंग भी की जा रही है। उनके द्वारा कार्यों में पारदर्शिता तथा सुनियोजित तरीके से शत प्रतिशत आवास निर्माण कार्य पूर्ण कराने के लिए जिला एवं ब्लॉक स्तर पर नोडल अधिकारी बनाये गये हैं। सीईओ जिला पंचायत के द्वारा आवास निर्माण पूर्ण कराने के लिए किए जा रहे विशेष प्रयासों के सकारात्मक परिणाम फील्ड में प्रारंभ हुए 956 आवास निर्माण के रूप में परिलक्षित हो रहे हैं।

# साक्षर भारत बंद होने के बाद जिला साक्षरता समिति को नहीं मिला कोई प्रोजेक्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

जिला साक्षरता समिति का दफ्तर बिना प्रोजेक्ट के चल रहा है। साक्षर भारत कार्यक्रम बंद होने के बाद समिति को नया प्रोजेक्ट आबंटित नहीं होने से साक्षरता बढ़ाने संबंधित सभी कार्य बंद पड़े हुए हैं। साक्षरता समिति में पदस्थ दो दैनिक वेतन भोगी कर्मियों को पिछले 8 माह से वेतन का भुगतान नहीं हुआ है। वहीं समिति के ग्रामीण अंचलों में बैठे समिति के प्रेरक सारक्षता के कार्यों से दूर हो चले हैं।

वर्ष 2007 में जिला साक्षरता समिति का गठन कर साक्षरता दर बढ़ाने के लिए कार्यक्रम शुरू किया गया था। 8 सितंबर अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर मानव श्रृंखला बनाकर इसकी शुरूआत की गई थी। साक्षरता समिति के तारतम्य में ग्रामीण अंचलों में साक्षरता दर बढ़ाने के लिए निरक्षरों को पढ़ाने उनकी परीक्षा लेना और अंकसूची देने का कार्य शामिल था। शुरूआत में साक्षरता अभियान जोर पकड़ा और पूर्व ग्रामीण अंचलों में प्रेरक नियुक्त कर लोक ⏭ शेष पेज 3 पर

### ग्रामीण क्षेत्रों में बनाए गए लोक शिक्षण केंद्र भी हुए बंद

**खास बातें**

- दैनिक वेतन भोगी कर्मियों को आठ माह से नहीं मिला मानदेय
- प्रेरकों ने बनाई विभाग से दूरी



### हाईस्कूल के प्राचार्य को प्रभार

जिला साक्षरता समिति के सचिव पद पर गोपालपुर में संचालित हाईस्कूल के प्राचार्य को प्रभार दिया गया है, जिनके निर्देशन में साक्षर भारत कार्यक्रम संपादित हुआ है। नया प्रोजेक्ट नहीं मिलने से साक्षरता दर बढ़ाने जैसे कार्य नहीं हो रहे हैं। वहीं समिति के सचिव हाईस्कूल के प्राचार्य दफ्तार आना जरूर करती हैं, लेकिन अभियान को लेकर वह भी शांत बैठी हैं। साक्षरता समिति के निर्देशन में शहर के स्लम बस्ती में साक्षरता दर बढ़ाने के लिए कार्यक्रम चलाया गया था, वह कार्यक्रम भी बंद पड़ा हुआ है।

## सर्वमंगला मंदिर में सामूहिक विवाह का आयोजन, 31 जोड़े बंधे दांपत्य सूत्र में

# मां के दरबार से वर-वधु ने पकड़ी जीवन की राह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

हसदेव नदी के किनारे स्थित माँ सर्वमंगला के दरबार से शनिवार के दिन वर वधु ने जीवन की राह पकड़ी। इस अवसर पर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री, उद्योग मंत्री सहित विशिष्टजन उपस्थित थे। विवाह समारोह में वर वधुओं को उपहार भी प्रदान किया गया। आसपास के ग्रामीण अंचलों से 31 जोड़ों का चयन सामूहिक विवाह के लिए किया गया था।

विवाह समारोह में वर वधु को अपने आशीर वचन में उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने कहा कि यह एक ऐसा अवसर है जब नव दंपतियों के विवाह का कई समाज के लोग साक्षी बन रहे हैं। अब तक घरों में होने वाले विवाह के दौरान केवल रिश्तेदारों का आशीर्वाद मिलता, लेकिन जब कहीं सामूहिक विवाह होते हैं तो उस अवसर पर वर वधु को उनके नात रिश्तेदारों के साथ-साथ समाज का भी आशीर्वाद मिलता है, यह एक बड़ी बात है। उप मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि वर वधु माँ के दरबार में जीवन के डोर में बंधने जा रहे हैं आज से उनके दाम्पत्य जीवन की शुरूआत होगी। माँ सर्वमंगला से यही कामना है कि नव दंपत्तियों का जीवन खुशियों से भरा रहे। विवाह समारोह को उद्योग एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि सर्वमंगला मंदिर में इस तरह के आयोजन अन्य धार्मिक स्थलों को भी ऐसे ही सामाजिक कार्य करने का संदेश देता है। मंदिरों में तो विवाह होते हैं, लेकिन एक साथ 31 जोड़ों का मंदिर में परिणय सूत्र में बंधना और उसमें एक बड़े जन समूह का उपस्थित होकर साक्षी बनना समाज को नया संदेश देता है। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री अरूण साव अपनी पत्नी के साथ आशीर्वाद देने के लिए उपस्थित थे। इस दौरान कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, पूर्व विधायक रजनीश सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. राजीव सिंह, पूर्व महापौर जोगेश लाम्बा, अपेक्स बैंक के पूर्व अध्यक्ष देवेन्द्र पाण्डेय, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष राजेन्द्र पाण्डेय, अशोक चावलानी, नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल, पार्षद नरेन्द्र देवांगन, भाजपा नेता प्रफुल्ल तिवारी, भुवनेश्वर तिवारी, गजेन्द्र मानसर, मोहन सिंह आदि उपस्थित थे।



उप मुख्यमंत्री व उद्योग मंत्री का स्वागत करते आयोजन समिति के सदस्य।



मंडप में बैठे वर-वधु।

### विजय और दुर्गा की बनी जोड़ी



विवाह समारोह में ऐसे लोगों को ही जीवन साथी मिले जिनके लिए उनके परिजन परेशान रहा करते थे। ऐसा ही एक मामला तीन फीट के विजय मरावी और ढाई फीट की दुर्गा का है। अरसे पहले सोशल मीडिया पर इनका परिचय हुआ। इनका विवाह सामूहिक आयोजन में सम्पन्न हुआ। जनजतीय समाज से आने वाले विजय मरावी पाली ब्लॉक के ढर्राभाठा गांव के निवासी हैं, वे टेलरिंग व्यवसाय से जुड़े हैं। उनका शारीरिक विकास नहीं हो पाया और ऊंचाई 3 फीट से ज्यादा नहीं बढ़ सकी। विजय के लिए कुछ ऐसे ही जीवनसाथी की तलाश उनके परिवार के लोग कर रहे थे। यह सिलसिला लंबे समय से चल रहा था। संयोग से नजदीकी गांव में रहने वाली दुर्गा विजय के समाज से ही थी और उसकी ऊंचाई भी बहुत ज्यादा नहीं थी। सोशल मीडिया से दोनों जुड़े और बातचीत शुरू हुई। हाल में ही इन दोनों की मुलाकात आमने-सामने हुई इसके बाद विवाह की बातचीत हुई और रिश्ता पक्का हो गया। सर्वमंगला मंदिर परिसर में सामूहिक विवाह के आयोजन की जानकारी मिलने पर इन्होंने रूचि दिखायी और फिर यहां दोनों परिणय सूत्र में बंध गए। दुर्गा मरावी ने हायर सेकेंडरी तक की पढ़ाई की है जबकि उसके पति की शिक्षा हाईस्कूल तक की है। दोनों ने आगे शिक्षा प्राप्त करने को लेकर रुचि दिखाई है।

### उपहारों के साथ विदा हुए नव दंपत्ति

विवाह समारोह संपन्न होने के बाद विदाई की बेला में वर वधुओं को उपहार के रूप में घरेलू सामाग्रियां प्रदान की गई। 31 जोड़े के साथ उनके परिजन भी पहुंचे हुए थे। मंदिर प्रबंधक नन्हा पाण्डेय, मयंक पाण्डेय आदि द्वारा नव दंपतियों को सामाग्री का वितरण किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित विशिष्ट अतिथियों के द्वारा भी उपहार भेंट किए गए।

# महतारी वंदन योजना में निरस्त हुए 288 आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राज्य सरकार द्वारा लागू की गई महतारी वंदन योजना में जमा किए गए आवेदनों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। सरकार का लक्ष्य है कि 8 मार्च को योजना की पहली किश्त की राशि सभी पात्र महिलाओं के खाते में ट्रांसफर कर दी जाए इसके लिए महिलाओं द्वारा जमा किए गए आवेदनों की त्रुटियों को दूर करने के साथ-साथ उन्हें आधार से लिंक कराने और इनएक्टिव आधार वाले आवेदकों को सूचित कर उनके आधार को एक्टिव करने के लिए कहा जा रहा है।

सरकार बड़ी तेजी से इस दिशा में काम कर रही है ताकि पात्र महिलाओं को लाभान्वित किया जा सके और कोई भी पात्र महिला योजना का लाभ लेने से वंचित ना रहने पाए। प्रथम चरण में 20 फरवरी तक ऑफलाईन जमा कराए गए आवेदनों का पंजीयन (ऑनलाइन एंट्री) कराया गया है। प्राप्त आंकड़ों के मुताबिक जिले में 2 लाख 95 हजार 693 आवेदन पंजीकृत हुए हैं। जिनमें से 2 लाख 95 हजार 407 आवेदनों को पूर्ण रुप से परीक्षण उपरांत मंजूरी दे दी गई है। इसी तरह 288 आवेदनों को निरस्त किया गया है। योजना का लाभ लेने के लिए कई अविवाहित युवतियों और एकल पुरुषों ने भी आवेदन जमा कर दिए थे जो अपात्र किये गए हैं। जिनके अलावा निर्धारित मापदंड को पूरा नहीं करने वाले भी अपात्र हुए हैं। बता दें कि सरकार ने कहा है कि छूटे हुए शेष आवेदकों को दूसरे चरण में भी आवेदन करने का मौका प्राप्त होगा और यह योजना सतत चलती रहेगी। इससे उन महिलाओं को राहत ⏭ शेष पेज 3 पर

**खास बातें**

- जिले में कुल 2 लाख 95 हजार 407 आवेदन परीक्षण उपरांत हुए मंजूर
- निरस्त होने वाले आवेदक दूसरे चरण में कर सकते हैं आवेदन जमा

### रविवार को भी खुले रहेंगे बैंक

महतारी वंदन योजना के आधार सीडिंग की प्रक्रिया के लिए रविवार और अन्य अवकाश के दिनों में भी बैंक खुले रहेंगे। जिसे महतारी वंदन योजना के लाभार्थियों के खातों की आधार सीडिंग प्रक्रिया में तेजी आएगी। महिला एवं बाल विकास विभाग की सचिव श्रीमती शम्मी आबिदी ने लाभार्थियों के आधार कार्ड लिंक करने की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने निर्देशित किया कि जिलों में स्टेट बैंक की शाखाएं आधार सीडिंग प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए जिला अधिकारियों के साथ सहयोग करें। उन्होंने एसएलबीसी संयोजक को निर्देश दिया कि वे अपनी शाखाओं को खातों की आधार सीडिंग को प्राथमिकता देने और कार्य को युद्ध स्तर पर पूरा करने के लिए आवश्यक निर्देश जारी करें। साथ ही उन्होंने कहा कि महिलाओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसका भी ध्यान रखा जाए।

# हत्यारों को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

लगभग 2 साल पूर्व मामूली विवाद को लेकर पांच लोगों ने अपने पड़ोसी की बेरहमी से पिटाई कर उसे मौत के घाट उतार दिया था। इस हत्या के मामले में पांच आरोपियों को न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया है।

मामला बांगो थाना क्षेत्र के ग्राम ध्वजक की है। यहां निवासरत बालसाय तिर्की की मवेशी उसके पड़ोसी वीरेंद्र एक्का के बाड़ी में चला जाया करता था। इसी बात को लेकर दोनों पड़ोसी के बीच कहां सनी हुआ करती थी। 24 सितंबर 2022 को वीरेंद्र एक्का अपने रिश्तेदार फिलिप एक्का, सोनमणी एक्का, बुधमनिया एक्का और खलसो एक्का के साथ रात को अपने पड़ोसी बाल साय तिर्की के घर पहुंचे और उसे घर से बाहर निकाल कर उसकी बेरहमी पूर्वक पिटाई करते हुए उसे अपने घर में ले जाकर एक खुंटे में बांधकर उसकी इतनी पिटाई कर दी कि उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले में बांगो पुलिस ने हत्या के वारदात को अंजाम देने वाले सभी आरोपियों के खिलाफ धारा 302 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को न्यायालय में पेश किया था। जहां मामले की सुनवाई कटघोरा के द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश श्री जितेंद्र सिंह के न्यायालय में चल रही थी। जहां आरोपियों के खिलाफ दोष सिद्ध होने पर वीरेंद्र एक्का, फिलिप एक्का, सोनमणी एक्का, बुधमनिया एक्का और खलसो एक्का के खिलाफ आरोप सिद्ध होने पर उन्हें आजीवन कारावास व 1200-1200 रुपए की अर्थ दंड की सजा से दंडित किया गया। मामले में आरोपियों को सजा दिलाने में शासकीय अभिभाषक राकेश जयसवाल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# थाने में चौबीस घंटा बैठाया, थानेदार व एएसआई सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक थानेदार ने एक युवक को बेवजह चौबीस घंटे थाने में बैठाकर रखा था।

**खास बातें**

- कटघोरा थाना क्षेत्र का मामला, एडिशनल एसपी ने की थी मामले की जांच
- कुछ दिन पहले ही इसी थाने में पदस्थ आरक्षक लेनदेन के मामले में हा था सस्पेंड

जब एसपी के संज्ञान में आया तो उन्होंने मामले को गंभीरता से लिया और कानून के साथ मजाक करने वाले एक थानेदार और एएसआई को सस्पेंड कर दिया है। जिससे महकमे में हड़कंप मचा हुआ है।

मामला कटघोरा थाना क्षेत्र का है। जहां 27 फरवरी की दरमियानी रात कटघोरा थानांतर्गत पूछापारा में रहने वाले 27 वर्षीय अनिल विश्वकर्मा पिता रामनाथ विश्वकर्मा को कटघोरा पुलिस द्वारा थाना लाया गया था। संदेह के आधार पर थाने में लाये गये अनिल विश्वकर्मा के विरूद्ध कोई भी वैधानिक अपराध दर्ज किये बगैर ही उसे 24 घंटे से भी अधिक वक्त तक थाने में पुलिस कस्टडी में रखा गया। इस बात की शिकायत पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के संज्ञान में आया जहां उन्होंने मामले को गंभीरता से लेते हुए कटघोरा एडिशनल एसपी को मामले का जांच का निर्देश दिया था। जांच में बिना किसी ठोस कारण के अनिल विश्वकर्मा को थाने में लाकर पुलिस हिरासत में रखना पाया गया। इस पूरे मामले को रोजनामचा में भी दर्ज नहीं किया गया था। इसके साथ ही ना तो इस प्रकरण की जानकारी थानेदार ने किसी सीनियर पुलिस अधिकारी को भी नहीं दी थी। जांच रिपोर्ट में खुलासे के बाद एसपी सिद्धार्थ तिवारी ने कटघोरा थाना प्रभारी तेज प्रताप यादव और एएसआई कुंवर साय पैकरा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। एसपी के इस आदेश के बाद पुलिस विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। गौरतलब है कि पिछले दिनों ही एसपी ने कटघोरा थाना में ही पदस्थ एक कांस्टेबल को ⏭ शेष पेज 3 पर



तेज प्रताप यादव

## डिप्टी सीएम ने पत्रकारों से चर्चा में किया दावा

# लोकसभा की सभी 11 सीट जीतेंगे: साव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री अरूण साव ने आज यहां कहा कि आने वाले लोकसभा चुनाव में प्रदेश में लोकसभा की सभी 11 सीट जीतेंगे, प्रत्याशी की घोषणा हो गई है। कार्यकर्ता मिलकर कार्य करेंगे।

श्री साव कलेक्टर सभा कक्ष में विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेने के बाद पत्रकारों से बातचीत में उक्त बातें कही। उन्होंने कहा कि चुनाव के लिए कार्यकर्ता तैयार हैं, प्रत्याशियों की घोषणा हो गई है। सभी सीट जीतने का संकल्प लिया गया है। मिलकर लोकसभा चुनाव लड़ा जाएगा, पार्टी के कार्यकर्ता पूरे तनमयता से पार्टी के लिए लड़ेंगे, जिसे जो जिम्मेदारी दी जाएगी वह उस जिम्मेदारी को निभाएगा। श्री साव अपने उप मुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री बनने के बाद पहली बार कोरबा प्रवास पर आए थे। इस दौरान उन्होंने विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत करने के बाद शाम 4.30 बजे से कलेक्टर सभा कक्ष में अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली है। जहां उन्होंने नगरीय प्रशासन एवं अन्य विभागों के योजनाओं की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### कांट्रेक्टर एसोसिएशन ने सौंपा ज्ञापन



नगरीय प्रशासन एवं जिले के प्रभारी मंत्री अरूण साव को उनके कोरबा प्रवास के दौरान नगर पालिक निगम के कांट्रेक्टर एसोसिएशन ने अध्यक्ष असलम खान के नेतृत्व में 6 सूत्रीय मांगों संबंधित ज्ञापन सौंपा। अपने ज्ञापन में श्री खान ने प्रभारी मंत्री को बताया कि निगम के ठेकेदारों द्वारा विभिन्न मद में निगम के द्वारा जारी निविदा के तहत कार्य किए गए हैं। जिनमें अधोसंरचना मद, पार्षद निधि, एल्डरमेन निधि, मुख्यमंत्री घोषणा, निगम मद, स्वच्छता मद आदि मद में कार्य करने के बावजूद उनका भुगतान लंबित है। पूर्व में जो फाईल गुम हो गई थी उन सभी का निराकरण होने के बावजूद भुगतान नहीं किया जा रहा है। अध्यक्ष असलम खान ने बताया कि भुगतान वर्षों से लंबित है, जिसे ठेकेदारों को आर्थिक कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। कई कार्य पूरे हो चुके हैं उनका भी पूर्ण भुगतान नहीं किया गया। इसके बावजूद नए कार्य को पूरा करने के लिए निगम के अधिकारियों द्वारा दबाव बनाया जाता है। श्री खान ने नगरीय प्रशासन मंत्री से सभी मदों की राशि उपलब्ध कराने की मांग की है।

NEET एवं JEE एक जूनून है और GOAL इसकी शुरूआत!

GOAL®
Educational Services Pvt. Ltd.
Nation's Leading Institute

Admission Open

CRASH COURSE
Classes Starts on 22nd, 27th March 2024

FOUNDATION
9th|10th|11th|12th
Classes Starts on 22nd March, 01st & 05th April 2024

SUMMER COURSE
11th & 12th
Board with NEET / JEE
Classes Starts on 15th April

DROPPER BATCH
NEET / JEE 2025
Registration Open

FEATURES
- यह संस्थान छात्रों के लक्ष्य प्राप्ति के लिए एक सटीक योजना एवं रणनीति के साथ छ.ग. में 1700 छात्रों को सफल डॉक्टर बनाने में 17 वर्षों का अनुभव प्राप्त है। (Result Oriented Study & Experience)
- यह संस्थान जहां अनुभवी शिक्षक व कुशल सक्षम एवं समर्पित प्रबंधन टीम है (Management Team)
- यह संस्थान में जहां छात्रों को बेहतर पढ़ाई के साथ-साथ उनका (Care System) बेहतर है।
- यह संस्थान में जहां छात्रों की पढ़ाई एक प्रतिस्पर्धात्मक (Compititive) माहौल है।
- यह संस्थान में जहां छात्रों की English एवं Hindi Medium के लिए Separate Faculty & Separate Batch उपलब्ध है। जिससे छात्रों को Medium की परेशानी नहीं होती है।
- यह संस्थान में जिसका Acadmic Programe में सही समय पर Syllbus की समाप्ति, उसका रिविजन, टेस्ट प्रोग्राम तत्पश्चात डिस्कशन, डाऊट क्लासेस एवं सपोर्ट की अच्छी व्यवस्था दिया गया है।

BHILAI: 166, NEW CIVIC CENTRE, PH- 0788-4013502, 7415884100
BHILAI: GOAL GENIUS CAMPUS, RISALI, PH- 0788-4040300, 7772060999
BHILAI: 139, ZONAL MARKET, SECTOR-10, PH- 9826943595, 0788-4064100
RAIPUR: BESIDE VIDYA HOSPITAL, SHANKAR NAGAR, PH- 0771-4060711

website : www.goalinstitute.org, Email : goalinstitutebhilai@gmail.com, Facebook : goalinstitutebhilai

## खबर संक्षेप



### पाली पुलिस ने ग्रामीणों की बैठक लेकर किया जागरुक

**कोरबा।** पाली पुलिस ने थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव में रहने वाले ग्रामीण कृषक मितानिन एवं जनप्रतिनिधियों का बैठक बुलाया गया। बैठक में उपस्थित लोगों को वर्तमान में सरहदी ज़िलों में हुई उठाईगीरी की घटनाओं के संबंध में लोगों को बताया गया और किस गलती के कारण वहां घटना घटित हुआ उसके बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया। लोगों को इस संबंध में समझाइश दिया गया कि कभी भी बैंक जाएं तो हमेशा अकेले न जाकर दो तीन लोगों को साथ लेकर जाए। किसी अनजान लोगों से बात न करें और सीधे घर जाएं, कहीं पानठेला या चायठेला में न रुके। बैठक में ग्राम पंचायत पोड़ी के सरपंच, पंच, मितानिन एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। इस दौरान सजग कोरबा के तहत पाम्पलेट सभी को वितरण किया गया और पैंपलेट के माध्यम से सजग कोरबा का प्रचार करने के लिए अपील की गई। इसके अलावा पुलिस के द्वारा लिए गए बैठक में महिलाओं को समझाइश दिया गया कि महुवा का सीजन आने वाला है जब भी महुवा बीनने जाएँ तो अकेले महिलाएँ जंगल न जाए और न ही बच्चे बच्चियों को महुवा बीनने जंगल तरफ़ भेजे। महुवा बीनने हमेशा तीन चार लोग एक साथ जाए। साइबर अपराध होने पर नजदीकी थाने या साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 में तुरंत फोन कर अपनी शिकायत दर्ज कराने की बात कही गई।

### अखबार वितरक संघ ने मनाया पूर्व राजस्व मंत्री का जन्मदिवस



**कोरबा।** छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ ने 1 मार्च को पूर्व राजस्व मंत्री जय सिंह अग्रवाल को उनके निवास स्थान में जाकर संघ के सदस्यों ने जन्मदिवस पर गुलदस्ता देकर बधाई दिया। जिला अध्यक्ष विपेंद्र कुमार साहू, जिला सचिव जय नेताम कोषाध्यक्ष लक्ष्मी राठौर, रामा, तपेश्वर राठौर, राय सिंह कंवर, अनिल गिरी, राजकुमार पटेल, कृष्ण कुमार निर्मलकर, विलसन, सुनील साहू, दीपक, यश नेताम सहित अन्य उपस्थित हुए।

### नीलकंठ कंपनी ने किया महाप्रबंधक संजय मिश्रा का सम्मान



**कोरबा।** नीलकंठ कंपनी जो की ओवरबर्डर (मिट्टी) निकलने साथ ही कोयला उत्पादन करने में कुसमुंडा परियोजना में अव्वल है। वहीं अन्य सामाजिक कार्यों में भी अपनी भूमिका निभाने में पीछे नहीं रहती है। महाप्रबंधक संजय मिश्र के सेवानिवृत्ति के अवसर पर कंपनी के ओर से प्रभारी बिकास सिंह, एचआर मुकेश सिंह वा अन्य अधिकारियों ने महाप्रबंधक कार्यालय प्रांगण में आयोजित सम्मान समारोह में शामिल हुए और शाल श्रीफल वा पुष्पगुच्छ भेंट किया और उनके कार्यकाल में नीलकंठ को किए गए सहयोग की सराहना करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

### सम्मान समारोह व काव्य गोष्ठी का किया गया आयोजन



**कोरबा।** इंदौर से पधारें डॉ.गायत्री नरेंद्र शर्मा के सम्मान में ओमपुर साहित्य समिति रजगामार कॉलोनी द्वारा साहित्य भवन कोरबा में सरस काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रजगामार कोल माइंस के खान प्रबंधक जेएस ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता साहित्य भवन समिति के संरक्षक जनाब युनूस दानियाल पुरी ने किया। साहित्य भवन समिति के अध्यक्ष दिलीप अग्रवाल, ओमपुर साहित्य समिति के सचिव बलराम राठौर, कवियित्री डॉ गायत्री शर्मा, डॉ गिरिजा शर्मा, पूर्व अधीक्षण यंत्री नरेंद्र शर्मा, एमआर राव, घनश्याम श्रीवास, दीप दुर्गवी और डॉ मंजुला शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में मंचासीन थे। साहित्य भवन में विराजित मां सरस्वती के पूजा पाठ के साथ कार्यक्रम का आगाज हुआ। अतिथियों का स्वागत साल एवं श्रीफल से किया गया। ओमपुर साहित्य समिति के सचिव बलराम राठौर ने स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर काव्य पाठ करने वालों में अनुसुईया श्रीवास, ओम यादव, इकबाल अंजान, डॉ कृष्ण कुमार चंद्रा, दिलीप अग्रवाल, अंजना सिंह ठाकुर, दीपक सिंह ठाकुर, आलोक शर्मा, जगदीश श्रीवास, लता चंद्रा, प्रभात शर्मा, वीएन सिंह, लखनी साहू, नवल कुमार जोशी आदि उपस्थित थे।

## सभी बच्चों ने उठाया स्वादिष्ट व्यंजनों का लाभ

# न्योता भोज में प्राथमिक शाला नवागांव के बच्चों ने चखा स्वादिष्ट भोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई अतिथि भोजन कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ में न्यौता भोजन का नाम दिया गया है। जिसके तहत सरकारी स्कूल के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ रहा है। पालक अब स्वस्फूर्त विद्यालय पहुंचकर प्रत्येक कार्यक्रमों में सामुदायिक सहभागिता को साकार कर रहे हैं। इसी कड़ी में कलेक्टर अजीत वसंत के के मार्गदर्शन में कटघोरा ब्लॉक के नवागांव प्राथमिक शाला में न्योता भोजन का आयोजन किया गया। न्योता भोजन का आयोजन ब्रम्ह प्रकाश कश्यप, चन्द्रकला कश्यप, कटघोरा बीईओ ईश्वर प्रसाद कश्यप एवं बीआरसी बीआर साहू द्वारा भोजन सामग्री एवं सहित अन्य खाद्य पदार्थों की व्यवस्था की गई।

इस दौरान बीईओ श्री कश्यप ने कहा कि मोदी सरकार द्वारा बहुत अच्छी पहल की गई है, जिसमें बच्चों को पोषण आहार मिलने के साथ साथ आपसी भेदभाव मिटेगा। जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, दानदाता कोई भी व्यक्ति अपने आस पास के स्कूली बच्चों को पूर्ण भोजन या पूरक भोजन दे सकता है। ऐसे में लोग जन्मदिन, सालगिरह या अन्य यादगार पलों में बच्चों के साथ भोजन करना चाहेंगे। न्योता भोजन का उद्देश्य समुदाय के बीच अपनेपन की भावना का विकास, भोजन के पोषक मूल्य में वृद्धि तथा सभी समुदाय वर्ग के बच्चों में समानता की भावना विकसित करना है। न्योता भोजन की अवधारणा सामुदायिक भागीदारी पर आधारित है। यह पूरी तरह से स्वैच्छिक है और समुदाय के लोग अथवा कोई भी सामाजिक संगठन, स्कूलों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को पूर्ण भोजन का योगदान कर सकते हैं अथवा अतिरिक्त पूरक पोषण के रूप में खाद्य सामग्री का योगदान कर सकेंगे। न्योता भोजन, स्कूल में दिए जाने वाले भोजन का विकल्प नहीं होगा, बल्कि यह विद्यार्थियों को दिए जा रहे भोजन का पूरक होगा। कार्यक्रम में शिक्षक नवागांव प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक कला राम चौहान, सीएससी समीम खान, शिक्षक संजय चन्द्रा, पत्रकार संघ कटघोरा के अध्यक्ष अजय धनोंदिया, शशिकांत डिक्सेना, शारदा पाल, शिव प्रसाद गुप्ता, सरिता, महिला समूह की अध्यक्ष शांता बाई, संतोषी यादव सहित नागरिक उपस्थित रहे।



न्योता भोजन करते छात्र छात्राएं एवं उपस्थित अतिथि।

### बच्चों को मिलेगा स्वादिष्ट और पौष्टिक भोजन

यह विभिन्न त्यौहारों या अवसरों जैसे वर्षगांठ, जन्मदिन, विवाह और राष्ट्रीय पर्व आदि पर बड़ी संख्या में लोगों को भोजन प्रदान करने की भारतीय परम्परा पर आधारित है। समुदाय के सदस्य ऐसे अवसरों/त्यौहारों पर अतिरिक्त खाद्य पदार्थ या पूर्ण भोजन के रूप में बच्चों को पौष्टिक और स्वादिष्ट भोजन प्रदान कर सकते हैं। यह पूरी तरह स्वैच्छिक है और समुदाय के लोग अथवा कोई भी सामाजिक संगठन या तो पूर्ण भोजन का योगदान कर सकते हैं या अतिरिक्त पूरक पोषण के रूप में मिठाई, नमकीन, फल या अंकुरित अनाज आदि के रूप में खाद्य सामग्री का योगदान कर सकते हैं। ध्यान रहे न्योता भोजन शाला में दिये जाने वाले भोजन का विकल्प नहीं है, बल्कि यह केवल शाला में प्रदान किये जाने वाले भोजन का पूरक है।

# प्राथमिक शाला आमगांव में नेवता भोजन का आयोजन



न्योता भोजन करते छात्र छात्राएं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

समुदाय की भागीदारी को प्रोत्साहित करने समुदाय के बीच अपनेपन की भावना विकसित करने आपसी तालमेल के विकास में सहायक, सभी वर्ग के बच्चों में समानता के साथ ही नौनिहालों में रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करने जैसे कई लाभ एक साथ विकसित करता है नेवता भोजन। बच्चों को मनपसंद खीर-पुड़ी सब्जी मिठाई फल प्राप्त हो तो बच्चे स्कूल में अपनी उपस्थिति दिनों को इजाफा करेंगे। खण्ड शिक्षा अधिकारी पाली एसएन साहू के मार्गदर्शन में शनिवार को प्राथमिक शाला हाथी बाड़ी आमगांव में विशेष सामुदायिक सहभागिता में शासन की स्वैच्छिक नेवता भोजन का आगाज किया गया। जिसमें नव शक्ति स्वसहायता समूह सरईसिंगर के माताओं के द्वारा खीर-पुड़ी, सब्जी, मिठाई की व्यवस्था स्व-स्फूर्त कर स्कूल पहुंचे थे। शासन की महत्वाकांक्षी स्वैच्छिक योजना नेवता-भोजन के शैक्षिक संकुल समन्वयक पूनम अहीर पुण्य कर्तब्य में भागीदारी निभाकर शासन की योजना को न केवल क्रियान्वयन किया। सबने अपने तरह का अलग तथा पोषणयुक्त स्वादिष्ट भोजन का स्वाद चखने के साथ ही शासन की स्वैच्छिक योजना की भूरी-भूरी प्रशंसा करते नहीं थके। क्षेत्रीय परंपरा के अनुसार सबसे आखिर समुह के सदस्यों ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के सदस्य तथा प्रधान पाठक विजय कुमार टण्डन, प्रधान पाठक श्रीमती गीता बंजारे, सविता जगत, सुखमती यादव आदि उपस्थित थे।

# छग विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन 1 के संतोष अध्यक्ष तो सतीश बने सचिव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन 01 कोरबा पूर्व शाखा के पदाधिकारियों का त्रिवार्षिक चुनाव मुख्य चुनाव अधिकारी प्रांतीय संगठन सचिव सरोज राठौर, प्रांतीय प्रचार सचिव पवन दास एवं प्रांतीय जोनल सचिव घनश्याम साहू की संयुक्त अध्यक्षता में संपन्न हुआ। चुनाव में सर्वसम्मति से शाखा अध्यक्ष पद हेतु संतोष सिंह, सचिव सतीश देवांगन, कार्यकारी अध्यक्ष सुधीर प्रजापति, लक्ष्मी खरे, उपाध्यक्ष होमन देशमुख, सतीश वर्मा, रजनीकांत कुर्रे, मंजू चिजवानी, राकेश साहू, कोषाध्यक्ष रवि चौहान, उपकोषाध्यक्ष राकेश चौरसिया, नेहा शर्मा, सहसचिव चित्रेश हनौतिया, निराला केरकेट्टा, संगठन सचिव रफीक मोहम्मद, रजनी मरावी, इंद्राणी ठाकुर, सुनील कर्ष, प्रचार सचिव हरीश ठाकुर, महिपाल कैवर्त, चंद्रशेखर जायसवाल, विधिक सलाहकार रिंकी राठौर, कार्यालय प्रभारी बंशीलाल मंडावी, मधु धीवर, रामशंकर राठौर सहित 51 कार्यकरिणी सदस्य निर्वाचित हुए।



फेडरेशन 1 के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता।

चुनाव के बाद सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को चुनाव अधिकारियों द्वारा शपथ ग्रहण कराया गया तथा उन्हें कर्मचारी हितों के लिए संगठन में दी गई। इस दौरान पुरानी पेंशन बहाली, तकनीकी कर्मचारियों को सी ऑफ नगदीकरण की सुविधा, कर्मचारियों की भर्ती एवं पदोन्नति, कर्मचारी वर्ग के पदों की पुनर्पदसंरचना, भूविस्थापितों एवं अनुकंपा के लंबित प्रकरणों पर शीघ्र निर्णय, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को मोबाइल भत्ता, ठेका श्रमिकों के लिए शासन द्वारा बनाए गए श्रम कानूनों का पालन, विद्युत गृह स्कूलों का अंग्रेजी शिक्षा में उन्नयन, क्वार्टरों की उचित मरम्मत, रिक्त क्वार्टरों को पेंशनरों को लीज पर दिए जाने सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर जल्द ही आंदोलन की रूपरेखा तैयार करने का निर्णय लिया गया।

# केएन कॉलेज में प्लेसमेंट कैंप, 40 विद्यार्थियों ने दिया इंटरव्यू

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पढ़ाई के अंतिम वर्ष में आकर अगर कॅरियर को अच्छी शुरुआत मिल जाए, तो विद्यार्थी की मेहनत सफल हो जाती है। यही उद्देश्य रखते हुए कमला नेहरू कॉलेज की प्लेसमेंट सेल समय-समय पर ऐसे आयोजन करती रहती है, जिसमें कॉलेज के विद्यार्थियों के लिए अच्छे भविष्य की राह बताई जाती है और कैम्पस इंटरव्यू के माध्यम से एक अच्छी शुरूआत के प्रयास किए जाते हैं। इसी कड़ी में शनिवार को कॉलेज प्रांगण में प्लेसमेंट कैम्प आयोजित किया गया, जिसमें 40 प्रतिभागियों में इंटरव्यू में भाग लेते हुए कंपनी में नौकरी पाने का मौका हासिल किया। कमला नेहरू कॉलेज में शनिवार को यह कैम्पस इंटरव्यू कंपनी के लिए ट्रेनी कर्मियों के चयन के लिए आयोजित किया गया। कुल 16 पद पर कमला नेहरू कॉलेज के 40 विद्यार्थियों ने इंटरव्यू में भाग लिया। चार मार्च को रिजल्ट जारी किए जाएंगे। कमला नेहरू कॉलेज के सहयोग से त्रिवेणी सोलर ग्लास मेनुफैक्चरिंग कंपनी आंध्र प्रदेश के प्रतिनिधियों द्वारा यह कैंपस इंटरव्यू का आयोजन किया गया। कंपनी के एचआर विभाग से सुधीर कुमार प्रधान और सुशांता भौमिक ने इंटरव्यू लिए। इसमें कॉलेज में अध्ययनरत व पासआउट बीए, बीएससी व बीकॉम के संकाय के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। सुबह दस बजे से शाम चार बजे के बीच आयोजित इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रशांत बोपापुरकर के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में कॉलेज के प्लेसमेंट प्रभारी व सहायक प्राध्यापक अनिल राठौर, श्रीमती ज्योति दीवान व रामकुमार श्रीवास ने अपनी सहभागिता प्रदान की।

**खास बात**

- आंध्रप्रदेश की कंपनी के एचआर अफसरों ने लिया साक्षात्कार



प्लेसमेंट कैंप में इंटरव्यू देते छात्र छात्राएं।

### बालको-वेदांता में चुने गए आकाश



केएन कॉलेज में कुछ माह पूर्व बाल्को-वेदांता द्वारा भी एक कैम्पस इंटरव्यू आयोजित किया गया था। इस शिविर में केएन कॉलेज के होनहार छात्र आकाश रत्नाकर पीजी ट्रेनी के रूप में चयनित हुए हैं। कॉलेज से उन्होंने 61 प्रतिशत अंक से बीएससी और उसके बाद बीते वर्ष ही 76 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम श्रेणी से एमएससी रसायन की डिग्री हासिल की थी। ठेका श्रमिक संतोष कुमार सूर्यवंशी व श्रीमती जानकी देवी के पुत्र वर्तमान में आकाश चांपा के चैंपियन लेफ्रा टेक में कैमिस्ट हैं।

# विद्यार्थियों ने विज्ञान के रोचक प्रयोग से मंच पर किया वैज्ञानिक प्रतिभा का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक-2 कोरबा में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस उत्साह व उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के प्राचार्य व सभी विज्ञान शिक्षकों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन व डॉ सीवी रमन के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुई। विद्यालय के नवोदित वैज्ञानिकों ने रमन प्रभाव पर प्रकाश डाला। नोबेल पुरस्कार विजेता सर सीवी रमन की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। प्रकाश के फैलाव, प्रकीर्णन, बोतल के बाहर और अंदर गुब्बारों के फुलाने पर प्रयोगों का प्रदर्शन किया गया। चंद्रयान 3 का कार्यशील मॉडल बनाया और प्रत्येक गतिविधि के पीछे का विज्ञान समझाया गया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती एमपी मिंज टीजीटी साइंस ने किया। विज्ञान संकाय के संयोजक ए खरे ने सभा को संबोधित करते हुए विज्ञान और विज्ञान दिवस समारोह के महत्व पर प्रकाश डाला। सभी छात्र-छात्राओं को अपने दैनिक जीवन की गतिविधियों में वैज्ञानिक स्वभाव विकसित करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के प्राचार्य एसके साहू ने विभिन्न गतिविधियों और उपलब्धियों में इस तरह के अद्भुत मार्गदर्शन के लिए छात्र-वैज्ञानिकों और सभी विज्ञान शिक्षकों को आशीर्वाद दिया। उन्होंने मार्गदर्शन प्रदान करते हुए कहा कि हममें से प्रत्येक को जीवन की हर घटना में व्यवस्थित रूप से कार्य करना चाहिए ताकि सफलता हमारे पीछे रहे। उभरते वैज्ञानिकों के साथ विज्ञान शिक्षकों ने भी कार्यक्रम में आनंदपूर्वक भाग लिया। इसी कड़ी में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर विज्ञान प्रदर्शनी व विज्ञान प्रश्न मंच का आयोजन आदर्श विद्या मंदिर सरस्वती शिशु मंदिर में किया गया। जिसमें मुख्य रूप से दिनेश कुमार वैष्णव पूर्व पार्षद, महामंत्री व अध्यक्ष कोरबा मंडल परविंदर सिंह, स्कूल के प्राचार्य योगेश मिश्रा, केडी वैष्णव व शिक्षक मौजूद रहे। पहली से सातवीं तक का छात्र-छात्राएं ने भाग लिया। उन्हें शील्ड प्रदान कर पुरस्कृत किया गया।



कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथि एवं छात्र छात्राएं।

# वनकर्मी के रहने के स्थान पर हो रहा है बैंक कार्य का संचालन

हरिभूमि न्यूज ⏭ चैतमा

चैतमा का वन परिक्षेत्र कार्यालय जर्जर होने के कारण ग्रामीणों क्रो वनविभाग संबंधित कार्य के लिए ग्रामीणों क्रो परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कटघोरा वन मंडल के अंतर्गत आने वाले पाली उपमंडल चैतमा परिक्षेत्र कार्यालय बनाने की घोषणा विगत दिनों सांसद द्वारा की गईं थीं, जो आज पर्यन्त तक नहीं बन पाया। वन परिक्षेत्र चैतमा के अंतर्गत कुल 17 वीट तथा चार सर्किल है चैतमा मे पूर्व मे बना वनविभाग के कर्मचारीयों को रहने के लिए निवास बनाया गया था वह काफ़ी जर्जर हो चूका है उसे सुधरवा के यूनियन बैंक के कर्मचारी बैंककिंग कार्य के लिए उपयोग कर रहे है। यह सोचनीय विषय है जबकि उसी जर्जर मकान क्रो फारेस्ट विभाग द्वारा सुधरवा करके रहवास बनाया जा सकता है और उसपर वनविभाग के कार्यलीन कार्य हो सकता है। इससे क्षेत्र की अवैध जंगल की कटाई भी रुकेगी और विभागीय कार्य का संचालन होगा। किन्तु विभागीय अधिकारीओ के उदाशीनता के कारण वनविभाग के आवास क्रो बैंक मित्रों द्वारा उपयोग किया जा रहा है। चैतमा वन मुख्यालय में कौन रहता है कौन नहीं रहता यह देखने की फुर्सत शायद किसी वन विभाग के अधिकारी के पास नहीं है इसलिए ही वनविभाग के रहवास पर बैंक के कार्य का संचालन हो रहा है।



वन परिक्षेत्र कार्यालय जहां हो रहा बैंक का संचालन।

## लगाया आरोपः केन्द्र की यूपीए सरकार महंगाई रोकने में असफल

# बढ़ रही मंहगाई को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी ने निकाली रैली


हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर आज जिला कांग्रेस कमेटी कोरबा ग्रामीण एवं शहर द्वारा मुड़ापार बाजार में देश में बेतहशा बढ़ रही मंहगाई को लेकर मार्च निकाला गया। इस अवसर पर महापौर राजकिशोर प्रसाद ने कहा कि 2014 तक कांग्रेस जिस युपीए सरकार के समय भारतीय जनता पार्टी के लोग घुम-घुम कर मंहगाई को लेकर धरना प्रदर्शन करते थे और कांग्रेस को कोसते थे। आज भाजपाइयों के मुंह में दही जम गया है। सभापति श्याम सुंदर सोनी ने कहा कि एक तरफ महंगाई की मार से जनता परेशान है। कांग्रेस शासन में जिन लोगों को रोजगार मिल गया था उनके रोजगार छिन गए है। बेरोजगारी चरम सीमा पर है। आम जनता विशेषकर मध्यम एवं गरीब तबके के लोगों का जीना दूभर हो गया है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल ने कहा की कांग्रेस सरकार के समय पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस के भाव अत्यधिक कम थे। आज जिस भाव में इन वस्तुओं को आम उपभोक्ता खरीद नहीं पा रहा है। उज्जवला योजना के तहत जिन गरीब लोगों को गैस सिलेंडर दिया गया था। 90 प्रतिशत उपभोक्ता गैस सिलेंडर नहीं खरीद पा रहे है। शहर अध्यक्ष श्रीमती सपना चौहान ने केन्द्रीय मंत्री श्रीमती स्मृति ईरानी को आड़े हाथो लेते हुए कहा कि जगह-जगह घुम-घुम कर मंहगाई को लेकर धरना प्रदर्शन करती थी। आज उनके मुह में ताला लग गया है। उन्हें जनता से कोई सरोकार नही रह गया है। आम जनता से वायदा किया था की अमेठी की जनता को 13 रूपये किलो शक्कर मिलेगा। सिलेण्डर 430 रूपये स्थान पर 1100 रूपये मिल रहा है। महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती कुसुम द्विवेदी भाजपा की सरकार को उखाड़ फेंकने का आव्हान करते हुए कहा की मंहगाई की मार सबसे ज्यादा महिलाओं पर पड़ता है। उन्हें अपना घर चलाना मुश्किल हो गया है। भाजपा का नारा याद दिलाते हुए कहा कि बहुत हुई मंहगाई की मार अबकी बार कांग्रेस सरकार का नारा दिया। विकास सिंह ने कहा कि महंगाई से पूरे देश में आम जनता गरीब, मध्यम परिवार, कर्मचारी की कमर टूट चुकी है। केंद्र में बैठी हुई मोदी सरकार लगातार 10 साल से शासन करने के बाद भी आज तक महंगाई रोकने में असफल हो चुकी है। सत्ता हासिल करने के लिए महंगाई के नाम से चुनाव लड़ी थी। उन्होंने कहा था की सरकार ने आएंगे तो 100 दिन में महंगाई कम करेंगे, लेकिन आज सत्ता में आने के 10 साल बाद भी महंगाई कम नहीं हुआ है। बल्कि चार गुना बढ़ चुका है।




रैली के दौरान महापौर श्री प्रसाद, सभापति श्री सोनी एवं अन्य कांग्रेसी।

### एक दिवसीय पूर्णिमा उत्सव का किया गया आयोजन



**कोरबा।** कबीर चौरा बेपकछर में एक दिवसीय मांघ पूर्णिमा उत्सव मनाया गया। जिसमें सात्विक चौका आरती महंत बुद्ध दास के द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत दोंदरों के सचिव मुखी सिंह रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में दिनेश दीवान, पनिका समाज के अध्यक्ष संतोष दास, सचिव सुचित्रा मानिकपुरी, लक्षमण दास, साहेब सुखी दास, ब्लॉक अध्यक्ष रेशमदास साहेब, सचिव सुफल दास, कोषाध्यक्ष ऋषि कुमार, ब्रिज दास, सुमेर दास, सुशील महंत, दरोगा दास, मोहन दास सहित अन्य उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### ईएमटी की सूझबूझ से 108 में गूंजी किलकारी

**जांजगीर-चांपा।** 108 टीम ने अपनी सूझबूझ से गर्भवती महिला का एम्बुलेंस में सुरक्षित प्रसव कराया। मां और बच्ची दोनों स्वस्थ हैं। जांजगीर ब्लॉक अंतर्गत आने वाले ग्राम बनारी में 108 की तत्परता और ईएमटी की सूझबूझ से एम्बुलेंस में किलकारी गूंजी। जानकारी के अनुसार ग्राम बनारी निवासी गर्भवती महिला खुशबू धीवर उम्र 26 वर्ष, पति देवकुमार कुमार धीवर को प्रसव पीड़ा होने पर परिजनों ने गांव के ही उप स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया था, किन्तु सुरक्षित प्रसव नहीं होने की स्थिति में डॉक्टरों द्वारा महिला को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया और इसकी सूचना 108 को दी। सूचना मिलते ही पायलट प्यारेलाल एवं ईएमटी संजय सूर्यवंशी हॉस्पिटल पहुंचें। पहुंचने के पश्चात गर्भवती महिला को एम्बुलेंस में बैठाकर जल्द ही जिला अस्पताल के लिए रवाना हुए। इस बीच गांव से 5 किलोमीटर दूर पहुंचने पर गर्भवती महिला को तेज प्रसव पीड़ा होने लगी। ईएमटी संजय सूर्यवंशी ने अपने सूझबूझ का परिचय देते हुए सर्वप्रथम ईआरसीपी के माध्यम से डॉक्टर वजस वर्मा को वस्तुस्थिति से अवगत कराया और उनके सलाहनुसार परिजनों से बात कर गर्भवती महिला की स्थिति को देखते हुए एम्बुलेंस में ही प्रसव कराने का निर्णय लिया। सर्वप्रथम एम्बुलेंस को सुरक्षित खड़ी कर प्रसव प्रक्रिया प्रारंभ की। कुछ ही क्षणों पश्चात एम्बुलेंस में बच्ची की किलकारी गूंजने लगी। खुशबू ने स्वस्थ बेटी को जन्म दिया। इसके पश्चात मां बेटी को बनारी स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र में शिफ्ट कराया गया।

### कार्यकर्ताओं के दिलों में आज भी राज करते हैं युद्धवीर



**डभरा।** चंद्रपुर विधानसभा के पूर्व विधायक एवं संसदीय सचिव रहे दिवंगत युद्धवीर सिंह जूदेव का 1 मार्च को उनके चंद्रपुर विधानसभा के हरदी महानदी सदन गृह ग्राम में कार्यकर्ता दिवस के रूप में मनाया गया। जिसमें उनकी धर्मपत्नी प्रदेश कार्य समिति सदस्य संयोगिता सिंह जूदेव ने पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्वलित कर उनके तैलचित्र पर श्रद्धांजलि दिए । इसके बाद चंद्रपुर विधानसभा सहित छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से कार्यक्रम में सम्मिलित होने पहुंचे भारतीय जनता पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने मंच के माध्यम से पूर्व विधायक युद्धवीर सिंह जूदेव को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके 10 वर्षों की कार्यों और कार्यकर्ताओं के प्रति अपना भाव को प्रकट किए। भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश कार्य समिति सदस्य एवं चंद्रपुर विधानसभा की पूर्व भाजपा प्रत्याशी श्रीमती संयोगिता सिंह जूदेव ने कहा कि उनका जीवन सदैव कार्यकर्ताओं पर प्रति समर्पित रहा है वह आज भी कार्यकर्ताओं के दिलों में राज करते हैं। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी शक्ति जिला के प्रभारी गुरुपाल सिंह भल्ला, जैजैपुर विधानसभा प्रभारी विवेक रंजन सिन्हा, भाजयुमो सक्ती जिलाध्यक्ष लोकेश साहू सहित भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी गण कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

### मतदाता जागरूकता के तहत चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित

**जांजगीर-चांपा।** नेहरू युवा केंद्र चांपा के तत्वाधान में स्वामी आत्मानंद स्कूल नंबर 01 जांजगीर में चित्रकला का आयोजन कराया गया, जिसमें बच्चों ने अधिक संख्या में भाग लिया। यूनिसेफ से विकास खंड समन्वयक अधिकारी नरेन्द्र कश्यप तथा स्कूल शिक्षक परमेश्वरी सोनी व अंकित राठौर के द्वारा बच्चो को सिल्ड देकर पुरुस्कृत किया। प्रथम स्थान जीतू श्रीवास, द्वितीय परमेश्वरी एवं तीसरा लवली लसार को प्राप्त हुआ। इस कार्यक्रम में उपस्थित स्कूल के बच्चो एवं नेहरू युवा केंद्र के विकासखंड स्वयंसेवक मुमताज बेगम एवं रत्ना सिंह अन्य वालंटियर उपस्थित रहें।

### भाजपा व्यवसायी प्रकोष्ठ का प्रदेश स्तरीय सम्मेलन

**चांपा।** रायपुर स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में 27 फरवरी को भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंह देव के मुख्य आतिथ्य मे भाजपा व्यवसायी प्रकोष्ठ का प्रदेश स्तरीय सम्मेलन आयोजित किया गया। इस सम्मेलन मे उपस्थित प्रदेश के कार्यकर्ताओं ने आगामी लोकसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ के सभी 11 लोकसभा सीट मे भाजपा को जीताने का संकल्प लिया। सम्मेलन मे भागीदारी निभा कर लौटे प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनंत थवाईत ने उक्त जानकारी देते हुए आगे बताया कि इस सम्मेलन मे भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंह देव के अलावा संगठन महामंत्री पवन साय, भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, रामू रोहरा विशेष रुप से उपस्थित थे। भाजपा व्यवसायी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक प्रदीप सिंह के कुशल नेतृत्व मे हुए इस प्रदेश सम्मेलन मे प्रदेश के संभाग एवं जिला संयोजकों को भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंह देव के हाथों स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

#### युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं साहू समाज के कार्यक्रम में शामिल हुए उप मुख्यमंत्री

# छग महतारी व भारत का गौरव बढ़ाने आगे आए समाज: साव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

उप मुख्यमंत्री अरूण साव शनिवार को जिला साहू संघ द्वारा आयोजित साहू युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं स्मारिका विमोचन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस दौरान उप मुख्यमंत्री ने कहा कि साहू समाज सभी समाज को साथ लेकर चलने वाला समाज है। समाज के युवा सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ रहे हैं। समाज के युवाओं को सही दिशा की ओर ले जाने के लिए थोड़े प्रयास की जरूरत है। हम सभी समाज के लोग आपस में मिलजुल कर छत्तीसगढ़ महतारी और भारत का गौरव को बढ़ाने की दिशा में आगे आएं तो यह देश लगातार उन्नति और तरक्की की राह में आगे बढ़ेगा।

श्री साव ने आगे कहा कि यह हर्ष का विषय है कि अब हर जिले में युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जाता है और इन कार्यक्रमों के माध्यम से समाज के लोग एक-दूसरे से जुड़कर समाज को आगे बढ़ाने की दिशा में कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि जिले का प्रभारी मंत्री होने के नाते उनकी जिम्मेदारी है कि जिले के विकास के लिए वे हर संभव प्रयास करेंगे। समाज का बेटा होने के नाते समाज की उन्नति और तरक्की में भी लगातार सहयोग करेंगे। उपमुख्यमंत्री श्री साव ने समाज द्वारा की गई मांग को पूरा करने का आश्वासन देते हुए कहा कि भवन हेतु जमीन का चिन्हांकन कर आवश्यक सहयोग प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम में उद्योग, वाणिज्य एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन, छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ.चरण दास महंत, विधायक कटघोरा प्रेमचंद पटेल, विधायक बालेश्वर साहू-जैजैपुर, विधायक संदीप साहू-कसडोल, महापौर राजकिशोर प्रसाद, पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, पूर्व राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, समाज के प्रदेश अध्यक्ष टहल सिंह साहू, जिलाध्यक्ष गिरिजा साहू, थानेश्वर साहू, श्रीमती चित्रलेखा साहू सहित समाज के गोरेलाल साहू, कृपा साहू, डीके साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, पदाधिकारी तथा समाज के लोग उपस्थित थे।



सामाजिक सम्मेल में सामाजिक पत्रिका का विमोचन करते अतिथिगण।

### हर क्षेत्र में साहू समाज अग्रणी: लखनलाल

जिला साहू संघ द्वारा इंडोर स्टेडियम में आयोजित युवक युवती परिचय सम्मेलन, पत्रिका विमोचन व सम्मान समारोह में उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव के के साथ वाणिज्य, उद्योग और श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन शामिल हुए। माता कर्मा के तैल्य चित्र की पूजन अर्चना करने के बाद अपने उद्बोधन में मंत्री श्री देवांगन ने कहा की आज कोरबा का सौभाग्य है की प्रदेश भर से साहू समाज के पदाधिकारी इस बड़े आयोजन में शामिल हुए। साहू समाज आज हर दिशा में आगे है। साहू समाज सभी समाज के साथ आज कंधा से कंधा मिलाकर प्रदेश और जिले के विकास में अपना अमूल्य योगदान दे रहा है। मंत्री श्री लखन लाल देवांगन ने कहा की साहू समाज का प्रेम और सम्मान उनको हमेशा मिलता रहा है। साहू समाज की जो भी सामाजिक मांगे होंगी, उसे पूरा करने में आपका पूरा साथ दिया जायगा। मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री, कबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन, विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महंत, जैजेपुर विधायक बालेश्वर साहू, भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ राजीव सिंह, रजनीश सिंह समेत अन्य पदाधिकारियो ने समाज के पत्रिका का विमोचन किया।

### आदिवासी समाज को आगे बढ़ाने सरकार कर रही काम



उप मुख्यमंत्री श्री साव और उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने बुधवारी स्थित आदिवासी समाज के शक्तिपीठ के 14वें स्थापना समारोह कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने आदिवासी शक्तिपीठ में पूजा-अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली और तरक्की के लिए आशीर्वाद भी मांगा। इस दौरान परिसर में 45.84 लाख रूपए के डोम का लोकार्पण भी किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री साव ने कहा कि यह आदिवासी समाज के लिए गौरव की बात है कि आज समाज की महिला देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद पर है। इसी तरह आदिवासी समाज के लिए यह भी गौरव की बात है कि आदिवासी समाज से आने वाले विष्णुदेव साय जो कि बहुत सीधे-सादे, सरल और सज्जन हैं। अपनी काबिलियत और परिश्रम के बल पर गांव के एक पंच से लेकर सांसद और छत्तीसगढ़ प्रदेश के मुख्यमंत्री बने। समाज को ऐसे महान विभूतियों से प्रेरणा मिलती है। छत्तीसगढ़ की सरकार आदिवासी समाज सहित सभी समाज को आगे बढ़ाने की दिशा में काम कर रही है। सरकार का ध्येय है कि हर व्यक्ति के हाथ में काम हो, उन्हें रहने के लिए पक्का मकान मिले और योजनाओं के माध्यम से गरीब परिवार आर्थिक रूप से समृद्ध बने। इस अवसर पर विधायक कटघोरा प्रेमचंद पटेल, महापौर राजकिशोर प्रसाद, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शिवकला कंवर, पूर्व राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, पूर्व गृहमंत्री ननकीराम कंवर, समाज के संरक्षक मोहन प्रधान शिवनारायण सिंह कंवर सहित अन्य जनप्रतिनिधि सहित समाज के लोग उपस्थित थे।

## दो अलग-अलग क्षेत्रों से बाइक चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला पुलिस ने दो अलग-अलग क्षेत्र में मोटरसाइकिल चोरी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए दोनों आरोपियों के कब्जे से चोरी की दो मोटरसाइकिल जप्त की गई है।

पहली घटना दीपका थाना क्षेत्र अंतर्गत गांधीनगर दीपका निवासी निहाल कुमार ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि बुधवारी बाजार दीपका के बंद पुलिस सहायता केन्द्र के सामने अपनी मोटर सायकल होण्डा साईन क्रमांक सीजी 12 एजे 7791 को खडी कर सब्जी लेने चला गया। बाजार करने के बाद वापस आकर देखा तो इसकी मोटर सायकल नहीं थी। प्रार्थी के रिपोर्ट पर अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर लिया गया है। विवेचना के दौरान मुखबीर की सूचना पर संदेही शेख असलम को घेराबंदी कर पकडकर पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किया। आरोपी के कब्जे से उक्त मोटर सायकल को बरामद कर लिया गया है। इसी तरह दूसरी घटना कुसमुंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत कुचेना निवासी मोहम्मद अफरोज खान पिता सरफुद्दीन के मोटर सायकल चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज की गई थी। पतासाजी के दौरान 2 मार्च को एक व्यक्ति प्लॉटिना वाहन मोटरसाईकिल बिना नंबर का सहित हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया। आरोपी ने उक्त मोटर सायकल को कंधारी ट्रांसपोर्ट ऑफिस राताखार के पास से चोरी करना स्वीकार किया। दोनों ही मामलों में पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी व जब्त बाइक।

## कार्य ऐसा करें, जिससे आपकी पहचान व प्रतिष्ठा बढ़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा प्रदेश की ऊर्जा धानी है। यहां कार्य करने की असीम संभावनाएं है, संसाधनों की कोई कमी नही है, बहुमूल्य खनिज प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है। जिले का नेतृत्व करने वाली ऊर्जावान टीम आपके पास है। सभी अधिकारी नई ऊर्जा व उत्साह के साथ काम करें। सभी अधिकारी अपने कर्तव्यों का जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन करें एवं शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम नागरिकों तक प्राथमिकता से पहुंचाएं।

**खास बात**

- शासकीय योजनाओं का प्राथमिकता से क्रियान्वयन करने के दिए निर्देश

उक्त बातें जिले के प्रथम प्रवास पर आए उपमुख्यमंत्री एवं जिला प्रभारी मंत्री अरुण साव द्वारा कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में कही गयी। उपमुख्यमंत्री श्री साव ने बैठक में कहा कि बदलते समय अनुरूप जिले के विकास कार्यों को गति देने के लिए सभी अधिकारी नई सोच के साथ कार्य करें। किसी भी कार्य को पूर्ण करने के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर, कौशल उन्नयन एवं टीम वर्क के रूप में कार्य करें। उन्होंने कहा कि अधिकारी-कर्मचारी हमेशा उत्साह एवं ऊर्जा के साथ कार्य करें। कार्यालयों में समस्याओं को बढ़ने नहीं दें, समस्याओं का शीघ्रता से समाधान करें। उन्होंने कहा कि सभी को समय के साथ ही अपने काम के तौर-तरीकों में भी बदलाव करना होगा। हमें तकनीकी ज्ञान, कौशल उन्नयन के साथ आगे बढ़ना होगा। इस हेतु कार्यालयों में कार्य विभाजन कर सभी अधिकारी-कर्मचारियों की जिम्मेदारी सुनिश्चित करें। जिससे कार्य समय पर पूर्ण हो सके। साथ ही राज्य, समाज व देश को विकास की नई दिशा देनी होगी। आज की सरकार आपके कार्य को क्षमता देने वाली सरकार है। उन्होंने सभी अधिकारियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आप सभी अपने कर्तव्यों का इस प्रकार निर्वहन करें कि आपके कार्यों से आपकी पहचान व आपके कार्यालयों की प्रतिष्ठा बढ़े। जिससे सरकार पर लोगों का भरोसा बढ़े। उपमुख्यमंत्री श्री साव ने विभागीय योजनाओं की बेहतर तरीके से क्रियान्वयन हेतु सभी अधिकारियों को नियमित रूप से फील्ड विजिट करने के लिए कहा। अधिकारी के फील्ड में जाने से आपकी टीम कार्य करने के प्रति सचेत होती है। इसके साथ ही आपको योजनाओं के क्रियान्वयन की जमीनी हकीकत पता चलती है। फील्ड जाने पर कार्यों में गति आएगी और समस्याओं का समाधान शीघ्र होगा। उन्होंने सरकार की विशेष प्राथमिकता की योजनाओं में गंभीरता से कार्य करने की बात कही। समीक्षा बैठक में छत्तीसगढ़ शासन के उद्योग, व्यापार एवं श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन, विधायक कटघोरा प्रेमचंद पटेल, महापौर राजकिशोर प्रसाद, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शिवकला छत्रपाल सिंह कंवर, कलेक्टर अजीत वसंत, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी, डीएफओ अरविंद पीएम, कुमार निशांत, सीईओ जिला पंचायत संबित मिश्रा, नगर निगम आयुक्त श्रीमती प्रतिष्ठा ममगाई, अपर कलेक्टर सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।



विभागीय अधिकारियों की बैठक लेते उप मुख्यमंत्री अरुण साव।

## कुसमुंडा खदान से चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कुसमुंडा खदान से लोहे की प्लेट चोरी कर उसे खपाने जा रहे दो युवकों को पुलिस ने रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से लोहे की प्लेट व पिकअप वाहन जप्त किया गया है।

कुसमुंडा थाने में राम कुमार यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि एसईसीएल कुसमुण्डा क्षेत्र में शुक्रवार की सुबह 4 से 5 बजे लगभग पेट्रोलिंग ड्यूटी में वैशालीनगर पुराना पेट्रोल पंप के पास सड़क किनारे संदिग्ध स्थिति में खड़े वाहन के तरफ जाने लगा। तब वाहन चालक उसे देखकर छोटा हाथी में एसईसीएल खदान का 25-30 नग लोहे का प्लेट को लेकर भाग गए। प्रार्थी की रिपोर्ट पर अज्ञात लोगों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध आरोपियों की पतासाजी की जा रही थी। इसी दौरान कुसमुंडा पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि शिव मंदिर विकासनगर एक होटल के पास 2 व्यक्ति आपस में लोहे के प्लेट के संबंध में बातचीत कर रहे हैं सूचना पर कुसमुंडा थाना प्रभारी अपने दल बल के साथ पहुंचे और दोनों संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ किया। पूछताछ पर दोनों युवकों ने एसईसीएल कुसमुंडा खदान में चोरी करना स्वीकार किए। मामले में पुलिस ने रामसागरपारा दर्री रोड निवासी प्रहलाद साहू उर्फ नाथू उम्र 25 वर्ष पिता सुरेश साहू एवं बरपाली मोहल्ला गेवरा बस्ती निवासी विशेषर दास पनिका उम्र 34 वर्ष पिता भगवान दास पनिका को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी व जब्त पिकअप वाहन।

## माइनिंग एक्ट के तहत 5 अवैध ईंट भट्ठों पर हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

ग्राम पंचायत रामपुर के आश्रित ग्राम अमाखोखरा में लगभग 5 अवैध ईंट भट्ठों के संचालन पर खनिज विभाग द्वारा कार्यवाही की गई है। जिसकी अनुमानित बाज़ार क़ीमत 8 लाख 80 हजार रुपये के बताई जा रही है।

उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन को लगातार क्षेत्र में बन रहे ईंट भट्ठे के संचालन की शिकायत मिल रही थी, जबकि प्रशासन ने वायु प्रदूषण, मृदा प्रदूषण जैसे पर्यावरणीय प्रदूषण के रोक थाम के लिए सख्ती से पाबंदी लगाई है। बावजूद इसके ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों द्वारा प्रशासन कि आंखो मे धूल झोंकते हुए भारी मात्रा में अवैध ईंट भट्ठे संचालन किया जा रहा है। मुखबीर से मिली सूचना पर पोड़ी उपरोड़ा अनुविभागीय अधिकारी सरोज महिलांगे व राजस्व कि सयुंक्त टीम द्वारा आमाखोखरा में दबिश देते हुए 5 ईंट भट्ठे को जप्त किया गया। अवैध रुप से संचालित 5 ईंट भट्ठों पर प्रशासनिक कार्यवाही कि गई, वहीं एसडीएम सरोज महिलाँगे ने कहा कि ईंट भट्ठे संचालित करने के कई नियम हैं जहां अवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत कर प्रशासन की अनुमति के आधार पर ईंट भट्ठे संचालित करने का प्रावधान है।



कार्रवाई के दौरान खनिज विभाग के अधिकारी कर्मचारी।

### स्टेडियम परिसर में निःशुल्क फिल्म का किया गया प्रदर्शन

**कोरबा।** प्रजापिता ब्रम्हकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा महा शिवरात्री के पावन मौके पर टीपी नगर स्थित प्रियदर्शिनी इंदिरा स्टेडियम स्थित राजीव गांधी ऑडीटोरियम में द लाईट अ जर्नी विदिन फिल्म का शनिवार को निःशुल्क प्रदर्शन किया। इस फिल्म को देखने के लिए बड़ी संख्या लोग मौजूद रहे। इस फिल्म के मध्यम से लोगों को संदेश दिया जा रहा है,कि कैसे एक व्यक्ति आध्यात्मक सहारे समाज में नई क्रांति ला रहा है। फिल्म में बताया गया है कि शुरुआती समय में किसी भी अभियान को शुरु करने के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ता है,लेकिन अंत में सफलता जरुर मिलती है।

## रोजगार क्षेत्र में अवसर विषय में संगोष्ठी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

शासकीय ग्राम्य भारती कॉलेज हरदीबाजार के भूविज्ञान विभाग में भूविज्ञान का जीवन में महत्व एवं रोजगार क्षेत्र के अवसर विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में संपन्न हुई। संगोष्ठी के मुख्य विषय पर भूविज्ञान विभाग के सहा. प्राध्यापक आदित्य सिंह बघेल ने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से भूविज्ञान विषय का मानव जीवन में महत्व तथा रोजगार के क्षेत्र में अवसर पर विस्तार से व्याख्यान दिया तथा विद्यार्थियों को इस विषय पर भविष्य में ढेर सारे रोजगार के अवसरों से अवगत कराया। इसके साथ लगन और मेहनत से पढ़ाई करने का प्रेरित किया। विभाग के सहा. प्राध्यापक लेख नारायण साहू ने भूविज्ञान विषय में आयोजित प्रतियोगी परीक्षाओं के विषय में छात्र छात्राओं को अवगत कराया। इसके पश्चात सहा प्राध्यापक प्रकाश मिरी ने लोकल क्षेत्र में उपस्थित अलग अलग प्राइवेट कंपनियों का विस्तार से वर्णन किया। संगोष्ठी में सहा. प्राध्यापक सुश्री रुचि तिवारी, जियोलॉजी सोसाइटी की अध्यक्ष अंकिता कंवर, उपाध्यक्ष साक्षी, सचिव सुजीत कंवर, सहसचिव भारत मरकाम तथा विभाग के समस्त विद्यार्थी उपस्थित रहे।



संगोष्ठी में उपस्थित महाविद्यालय के छात्र व वक्ता।

## पृष्ठ 1 का शेष

### साक्षर भारत बंद...

शिक्षण केन्द्र की स्थापना की गई। जहां गांव के निरक्षर व्यक्ति को साक्षरता से जोड़ने के लिए कक्षाएं लगने लगी। साक्षरता अभियान बंद होने के बाद सरकार ने महिला साक्षरता अभियान चलाया। यह अभियान भी साक्षरता समिति की देखरेख में चलता रहा। तीसरा कार्यक्रम केन्द्र सरकार का साक्षर भारत कार्यक्रम रहा, जो दो साल चलने के बाद बंद हो गया और आज तक केन्द्र व राज्य सरकार से कोई नया साक्षरता प्रोजेक्ट जिले को नहीं मिला। परिणामस्वरूप अभियान पूरी तरह ठप पड़ा हुआ है। जिला साक्षरता समिति में कार्यरत संविदा कर्मियों को वेतन देर से मिल रहा है, तो वहीं दैनिक वेतनभोगी कर्मियों को 8 माह से वेतन नहीं मिला है। कलेक्टर दर पर दो कर्मचारियों की नियुक्ति की गई थी। जिनके द्वारा साक्षरता अभियान के कार्यक्रम को संपादित किया जाता रहा। कर्मचारियों के साथ-साथ अब ग्रामीण अंचलों में बनाए गए प्रेरक भी अभियान से दूर हो चले हैं। साक्षरता समिति के अंतर्गत 200 से अधिक प्रेरक बनाए गए थे। अब नये प्रोजेक्ट को शुरू करने में ग्रामीण अंचलों में नए सिरे से प्रेरकों की तैनाती करनी पड़ेगी तब कहीं जाकर अभियान को गति मिलेगी।

### महतारी वंदन योजना...

मिलेगी जो अपने दस्तावेजी कमी या अन्य कारण से आवेदन करने से वंचित रह गए हैं, वह दूसरे चरण में आवेदन कर सकेंगे। बहरहाल पात्र पाए गए अप्रूव्ड 2 लाख 95 हजार 407 महिलाओं के खाते में राशि ट्रांसफर की जाएगी।

### थाने में चौबीस...

50 हजार रूपये की रिश्वत मांगने की शिकायत पर सस्पेंड किया था। इससे यह साफ पता चलता है कि थानेदार तेज प्रताप यादव का थाना में कंट्रोल नहीं था। पुलिस अधीक्षक द्वारा पिछले एक सप्ताह में कटघोरा थाना के थानेदार व एएसआई व आरक्षक को निलंबित किया है। इससे निश्चिततौर पर पुलिस विभाग की कार्यशैली में कसावट आएगी और आम जनता को बेवजह परेशान होना नहीं पड़ेगा। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी को पहले ही फरमान जारी कर दिया था कि पुलिस अपनी कार्य में पूरी पारदर्शिता बरतेगी और थानेदार किसी भी गड़बड़झाले में उनकी भूमिका सामने आई तो उन्हें बिलकुल भी नहीं बख्शा जाएगा। इसके बाद भी कटघोरा थानेदार ने इस तरह की घटना को अंजाम दिया है जिसके बाद निलंबन की गाज गिरी है।

प्रो.नं.37/2024 प्रकरण क्रमांक 05/2021
पेशी तारीख -14.03.2024

**न्यायालय कु. रुपल अग्रवाल प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1 कटघोरा जिला कोरबा (छ.ग.)**

श्रीमती सुषमा जायसवाल वगै. ...वादी/आवेदक
**विरुद्ध**
आम जनता वगै. ......प्रतिवादी/अनावेदक
**बनाम**
आम जनता ( जिसका इससे संबंध हो)

वादी/आवेदक श्रीमती सुषमा जायसवाल वगै. के द्वारा प्रतिवादी/अनावेदक आम जनता वगै. के विरुद्ध धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1925 के तहत माननीय न्यायालय श्रीमान प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1 कटघोरा जिला कोरबा छ.ग. में प्रस्तुत किया गया है और उक्त आवेदन पत्र की सुनवाई हेतु दिनांक 14/03/2024 की तिथि है। अतः प्रतिवादी/अनावेदक आम जनता (जिसका इससे संबंध हो) को उक्त आवेदन पत्र के संबंध में कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 14/03/2024 को प्रातः 11 बजे उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति इस न्यायालय में पेश करे अन्यथा प्रकरण की सुनवाई आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जायेगी। नोट :- यदि किसी कारणवश आगामी तिथि को अवकाश हो जाता है या कार्य स्थगित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हो तो प्रकरण की सुनवाई ठीक अगले कार्य दिवस पर किया जावेगा। यह आज तारीख 24/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर से अधिकरण की मद्रा लगा कर दिया गया है।

दिनांक 24/02/2022

**(कु. रुपल अग्रवाल)**
**प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1**
**कटघोरा जिला कोरबा (छ.ग.)**

## खबर संक्षेप

### धान से भरा ट्रक पलटा



**हरदीबाजार।** हरदीबाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत सिरली तालाब के पास धान से भरा ट्रक पलटने से एक बड़ा हादसा होने से बाल बाल बच गया। गनीमत रही कि हादसे के समय वहां कोई मौजूद नहीं था, वरना कोई बड़ा हादसा हो सकता था। हादसे में ट्रक ड्राइवर बाल बाल बच गया। ट्रक क्रमांक सीजी 12 एटी 1119 है, जिसमें बड़ा हादसा होने से टल गया, ग्रामीणों ने बताया कि सिरली तालाब के पास पेड़ पौधे व मोड़ होने के कारण आने जाने वाले को नहीं देख पाते इसलिए यहां पर आए दिन यहां पर हादसे देखने को मिल रही है। बहरहाल किसी भी तरह की जानहानि नहीं हुई। मौके पर मौजूद राहगीर ने बताया कि शाम करीब उतरदा धान मंडी की तरफ से धान से भरा ट्रक आ रहा था तभी ये बड़ा हादसा टल गया।

### दो बाइक के बीच भिड़ंत, युवक की मौत

कोरबा। दो बाइक के बीच आमने-सामने भिड़ंत हो जाने से एक युवक व्यक्ति के सिर में गंभीर चोट लगने की वजह से इलाज के दौरान जिला अस्पताल में मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। मामले की जांच शुरू कर दी है। मामला बालको थाना क्षेत्र के परसा भाटा की है यहां निवास रथ संजय साहू पिता वेदराम साहू अपने एक अन्य साथी के साथ मोटर साइकिल में सवार होकर लालघाट की ओर आ रहा था कि देर रात को एक दूसरे मोटरसाइकिल से आपस में बाइक के बीच भिंड़त हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि संजय साहू की सिर में चोट लगी और उसे आनन फानन में उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के दौरान संजय साहू की मौत हो गई। वहीं दूसरे युवक को मामूली चोट आई है। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

### कटघोरा वन मंडल के केंदई रेंज की चोटिया में आयोजित हुई विशेष कार्यशाला

# जंगल को आग से बचाने व हाथी को दोस्त बनाने वन विभाग ने ग्रामीणों को किया जागरुक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के सुदूर वनांचल क्षेत्र में वन विभाग की चौपाल लगी जहां वन विभाग द्वारा ग्रामीणों को जंगल से होने वाले लाभ के बारे में बताया गया और जंगल को आग से कैसे बचाना है यह भी समझाया। साथ ही हाथी व मानव द्वंद को कैसे रोकना इसे लेकर भी ग्रामीणों को जागरुक करने का प्रयास किया गया।

कटघोरा वनमण्डल के अंतर्गत आने वाले केन्दई वन परिक्षेत्र के ग्राम चोटिया में शनिवार को वन विभाग द्वारा मानव हाथी द्वंद प्रबंधन एवं वन अग्नि नियंत्रण पर विशेष कार्यशाला आयोजित की गई। इस मौके पर कटघोरा वन मंडलाधिकारी कुमार निशांत ने जंगली हाथियों के इतिहास के बारे में बताया एवं हाथियों में होने वाले जैनेटिक मैपिंग के बारे में समझाया। इस दौरान उन्होंने जंगल में आग न लगाने की समझाईश देते हुए जंगली आग से होने वाले प्राकृतिक हानि के बारे में बताया। साथ ही साथ उन्होंने समझाईश दी कि महुआ बीनने के दौरान पेड़ के नीचे आग न लगायें एवं नेट के माध्यम से फूड ग्रेड महुआ संकलन से होने वाले आर्थिक लान के बारे में चर्चा किया। श्री निशांत ने वन विभाग द्वारा खरीदे जाने वाले वनोपजो के समर्थन मूल्य के बारे में ग्रामीणों को बताया एवं ग्रामीणों से वनोपजों के बाजार मूल्य के बारे में भी जानकारी ली एवं समर्थन मूल्य से कम मूल्य पर वनापजो के विक्रय करने से मनाही की। वहीं दूसरी ओर एलीफेंट रिजर्व सरगुजा से पहुंचे हाथी एक्सपर्ट प्रभात दुबे ने प्रशिक्षण के दौरान हाथियों के सामान्य व्यवहार के बारे में प्रशिक्षण दिया एवं हाथियों से मुठभेड़ होने के दौरान किये जाने वाले बरताव के बारे में बताया एवं साथ ही साथ जंगली हाथियों के पहचान करने, प्रबंधन करने एवं हाथियो से सुरक्षा के उपाय के बारे में बताया, उन्होंने स्कूली बच्चों को वनो के विनाश से होने वाले जलवायु परिवर्तन के बारे में समझाया एवं वनों में आग न लगाने की समझाईश देते हुए आग लगने की घटना के दौरान उसे बुझाने की समझाईश दी। इस मौके पर प्रशिक्षण के दौरान प्रशांत यादव ने ग्रामीणों को सजग एप्प को उपयोग करने के संबंध में प्रशिक्षण दिया। इस मौके पर केंदई वन परिक्षेत्र अधिकारी अभिषेक दुबे, प्रीतम पुरईन, रायसिंह मरकाम, जवाहिर सिंह, करमन सिंह, रतिराम मिंज, दुर्गेश पटेल सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।



जागरुकता कार्यक्रम में ग्रामीणों को जानकारी देते वन विभाग के अधिकारी।

# हाईस्कूल की परीक्षा शुरू, पहले दिन कोई नकल प्रकरण नहीं



परीक्षा दिलाते परीक्षार्थी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा 1 मार्च से शुरू की गई बोर्ड परीक्षाओं के तारतम्य में शनिवार 2 मार्च से हाईस्कूल की परीक्षाएं भी शुरू हो गई है। पहला प्रश्न पत्र हिंदी के साथ परीक्षाएं शुरू हुई। जिले के सभी 95 केन्द्रों में परीक्षाओं को लेकर तैयारियां पूर्ण कर ली गई थी। सभी केन्द्रों के संबंधित थाना क्षेत्रों से परीक्षा के प्रश्न पत्र गोपनीय सामाग्री परीक्षा केन्द्र पहुंच गए थे। परीक्षाओं में नकल को रोकने के लिए जिला शिक्षा विभाग द्वारा उड़नदस्ते दल का गठन किया गया है। जिनके द्वारा 12वीं की परीक्षा शुरू होने के साथ ही शहर के सभी परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण शुरू कर दिया गया था। 10वीं की परीक्षा शुरू होने के साथ ही उड़नदस्ते दल ने पहले दिन से ही शहर व ग्रामीण अंचलों के परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया है। पहले ही दिन कोई नकल प्रकरण दर्ज नहीं किए गए हैं। सभी विकासखंड मुख्यालय में उड़नदस्ते दल की टीम गठित की गई है, जिनके द्वारा निरीक्षण किया गया है। 10वीं की परीक्षा में 14 हजार 286 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं।

### एडीएम साहू को डीईओ को प्रभार

जिला शिक्षा अधिकारी गोर्वधन प्रसाद भारद्वाज को शासन द्वारा निलंबित किए जाने के बाद डीईओ का पद रिक्त पड़ा हुआ था। 1 मार्च को 12वीं की परीक्षा शुरू होने के दौरान भी जिला शिक्षा अधिकारी जैसा महत्वपूर्ण पद रिक्त था। केन्द्रा अध्यक्ष और शिक्षक दोनों ही इस मामले में असमंजस में बने हुए थे कि आखिर शिक्षा अधिकारी का प्रभार किसे मिलेगा। शनिवार को अपर कलेक्टर प्रदीप कुमार साहू को जिला शिक्षा अधिकारी का प्रभार दिया गया है। यहां यह बताना आवश्यक होगा कि हाल ही में राज्य शासन द्वारा जारी की गई स्थानांतरण सूची में श्री साहू का तबादला कोरबा जिले से बाहर कर दिया गया है।











